## खबर संक्षेप

### केबिनेट मंत्री सम्पतिया उइके ने रेल मंत्री से भेंट कर रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग की



मण्डला। मण्डला विधायक एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके ने गुरूवार को दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर जिले में रेल सेवाओं के विस्तार के संबंध में चर्चा करते हुये मांगों से संबंधित पत्र सौंपा। सम्पतिया उइके ने रेल मंत्री से मण्डला से जबलपुर, रायपुर तथा नागपुर के लिये सीधी रेल सेवा प्रारंभ की मांग की। उन्होंने जबलपुर इंदौर ओव्हर नाईट ट्रेन तथा जबलपुर लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस को मण्डला को मण्डला तक बढ़ाने की मांग की है, साथ ही जबलपुर भोपाल इंटरसिटी ट्रेन को मण्डला से प्रारंभ करने की मांग की है। सम्पतिया उइके ने रेल मंत्री को चिरईडोंगरी रेल्वे स्टेशन से अर्जित होने वाले राजस्व की जानकारी देते हुये कहा कि स्टेशन में सुविधाओं के विस्तार नितांत आवश्यक है। लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी मंत्री ने केन्द्रीय रेल मंत्री से मण्डला फोर्ट रेल्वे स्टेशन में प्रथम श्रेणी का प्रतीक्षालय के निर्माण तथा कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की मांग की। रेल मंत्री ने सभी बिन्दुओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुये जल्द ही आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### ब्रह्माकुमारीज के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर किया कार्यक्रम



मण्डला। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मण्डला के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज मंडला की क्षैत्रीय संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी, सुभाष वार्ड सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष बहन गीता कालपीवार, शुभा मोटर्स के संचालक एवं रोटरी क्लब के सदस्य भ्राता संजय तिवारी, पार्षद बहन ज्योति बाजपेई, शिक्षिका बहन प्रीति दुबे, कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी भ्राता विवेक दुबे, स्थानीय नागरिक सहित ब्रह्माकुमार भाई बहनें उपस्थित रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम बस स्टैंड के पीछे स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र विश्व शांति भवन में हुआ। मंचासीन अतिथियों के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को पुष्पांजलि अर्पित की गई। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर कहा कि सभी को गांधीजी का जीवन सत्य और अहिंसा पर आधारित था और उनके विचार आज भी प्रेरणादायक हैं।

### नगर परिषद भुआ बिछिया अध्यक्ष चित्रा धुर्वे का निधन



**भुआ बिछिया।** नगर परिषद भुआ बिछिया की अध्यक्ष चित्रा धुर्वे का 58 वर्ष की आयु में भोपाल में उपचार के दौरान निधन हो गया। काफी लम्बे समय से मधुमेह से पीड़ित थी। उनका उपचार भोपाल में चल रहा था। गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण उपरांत आप भोपाल उपचार हेतु गईं थीं। आज उनका डायलिसिस हुआ था। आप वार्ड नं 13 से पार्षद निर्वाचित हुईं थीं।

## सट्टा जुआं के बाद ऑनलाईन लूडो खेल की लत

# समय के साथ पैसे का नुकसान

*** दांव लगाओं और किस्मत बदलों का लालच।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

इन दिनों ऑनलाईन सट्टेबाजी के साथ लूडों खेल हर तरफ दिखाई दे रहे हैं काम काज में उलझे लोग भी समय मिलते ही लूडों खेल में मशगूल हो जाते हैं यहां पर 10 रूपए से लेकर 1 हजार रूपए तक का प्रति खेल खेला जा रहा है इस खेल में बुजुर्ग युवा और बच्चें भी खेलते दिखाई दे रहे हैं। लगातार कर्ज में उलझने के बाद भी इसका नशा दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। नगर के उदय चौंक, बस स्टैंड, बिंझिया, लालीपुर, रपटा घाट के पास आसानी से झुंड लगाए लोग दिखाई दे रहे हैं वहीं मोबाईल में भी ऑनलाईन सट्टा खिलाया जा रहा है कई कम्पनियां इसमें शामिल बताई जाती है जो 1 रूपए के बदले 10 रूपए तक दें रही हैं खाते में पैसा जमा कराने के बाद सदस्यता मिलती है इसके बाद इस खेल को खेल सकते हैं। ये सभी खेल कहां से संचालित हैं इनके मालिक कौन हैं और इनकों अनुमति कहां से मिली हैं। यह आज भी सवालों के घेरे में हैं लेकिन इस लत में शामिल लोग बुरी तरह परेशान दिखाई दे रहे है हार जीत के इस खेल में जीत कम हार अधिक होती हैं। लेकिन लालच के चलते लोग अपने काम धाम को छोडक़र यहां से लखपति बननें के सपने सजों रहे हैं। ज्ञात हो कि मोबाइल में खेल तो डाउनलोड किया ये सोचकर कि आप खेलेंगे लेकिन खेल कब आपके दिमाग के साथ खेलने लगता है आपको पता ही नहीं चलता गेमिंग से बैटिंग, बैटिंग से लोन, लोन से बर्बादी तक आप कैसे पहुंच जाते हैं। सरकार की पाबंदी के चलते जुआ व सट्टे पर नियंत्रण हुआ तो अब लोगों ने सभी के सामने खुले मैदान में एक खेल ऐसा निकाला जिसे मोबाइल पर खेला जाता है। इस खेल को ऑनलाइन लूडो के नाम से जाना जाता है। इसे खेलने मैदान में नवयुवक से लेकर बुजुर्ग तक शामिल है। यह खेल जुआ का ही दूसरा रूप है। इसे मोबाइल पर ऑनलाइन खेला जाता है। इसमें लोग लाखों रुपये के ऑनलाइन दांव लगाते हैं। वैसे तो लूडो एक मनोरंजन का खेल हुआ करता है, लेकिन कुछ शातिर दिमाग के लोगों ने इस खेल को जुंआ का रुप दे दिया है। अब इस पर ऑनलाइन रुपये के दांव लगाए जा रहे हैं। वहीं इस खेल के मास्टर माइंड लोग मोटी राशि कमाने में लगे हुए हैं। चौकाने वाली बात नहीं है हमारे क्षेत्र में यह गेम खूब फल फूल रहा है। इस गेम में हमारे युवा जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियां करने वाले सर्वाधिक रुप से जुड़े हुए हैं। प्रत्येक गांव से इस खेल में करीब 50 से ज्यादा लोग जुड़े हुए है। क्षेत्र में यह धंधा परवान चढ़ रहा है। इससे हमारे युवा गलत दिशा की अग्रसर हो रहे है। यह खेल लोगों की लत बनता जा रहा है। कई लोग हजारों रुपये दांव पर हार चुके हैं। प्रशासन द्वारा इस पर लगाम नहीं लगाई तो यह तो एक दिन यह खेल जुआ व सट्टे से भी खतरनाक साबित होगा। कई परिवार बर्बाद हो सकते हैं। इसमें लूडो राजस्थान, वीआईपी लूडो व बीएनडब्ल्यू लूडो नामक ग्रुप बना रखे हैं। लूडो राजस्थान 5553, वीआईपी लूडो ग्रुप में करीब 700 तथा बीएनडब्ल्यू लूडो 1000 लोग जुड़े हुए हैं। सटोरिया का कारोबार 10 रुपये से शुरु होता है। बीएनडब्ल्यू लूडो ग्रुप एक ऐसा ग्रुप है इसमें 500 रुपये से कम में खेल या सट्टा लगता ही नहीं है। यह लूडो खेल 10 रुपये से शुरु होता है जो लाखों तक चलता है। इस खेल को खेलने के लिए सर्वप्रथम ग्रुप में जुड़ा होना आवश्यक है। आप कितनी राशि का गेम लगा रहे हैं उसकी सूचना ग्रुप में डालनी होगी। उसी ग्रुप का कोई व्यक्ति आपसे खेल खेलने के लिए तैयार होगा। दोनों व्यक्तियों को खेल खेलने के लिए ग्रुप एडमिन को फोन-पे व गूगल पे आदि के द्वारा भुगतान करना होगा। उसके बाद एडमिन ग्रुप पर टेबल लगाता है। आपको एक ऑनलाइन पासवर्ड भेजा जायेगा। दोनों व्यक्ति पासवर्ड के माध्यम से खेल को मोबाइल पर प्रारंभ करेगें। इस तरह खेल शुरु हो जाता है। विजेता को खेल के परिणाम का शॉट स्क्रीन लेकर ग्रुप में शेयर कर एडमिन को संदेश भेजना होता है एडमिन ऑनलाईन साधनों से विजेता के खाते में रुपये डालता है। यूं समझें आप 100 रुपये का गेम लगाते है तो आपको 110 रुपये एडमिन को खेल खेलने के लिए भेजने होते हैं। उनमें से एडमिन 10 प्रतिशत राशि काटकर 100 रुपये विजेता के फोन-पे में डाल देता है। सटोरिया प्रतिदिन हजारों रुपये का कमिशन कमा रहे हैं। नामी-गिरामी लोगों के भारी-भरकम प्रचार से ऑनलाइन गेमिंग प्रसिद्ध हो रहा है लेकिन इससे कितने घर बर्बाद हो रहे हैं इसका कोई आंकड़ा किसी के पास नहीं नहीं। बेटिंग एप्स और ऑनलाइन गेमिंग के बारे में पता चला है कि 500 रुपए लगाए पांच गुना वापस आया उन्हें लगा इससे अच्छा क्या है कई सारी वेबसाइट पर खेलने लगे, शुरू में अच्छे पैसे मिले तो लालच बढ़ता गया और जीते हुये वो पैसे भी खेल में लगा दिए और तो और नौकरी भी छोड़ दी, लगा पूरा दिन खेलेंगे तो इसी तरह पैसे जीत-जीतकर जल्द से जल्द अमीर बन जायेंगे लेकिन होता उलटा ही है खेल कंपनियां आपकी मनोदशा के हिसाब से मानसिक रूप से पहले आपको जिताती है और फिर जब लालच बढ़ता जाता है तो वे अपना असली खेल खेलने लगती है और यहीं से खेलने वाले का बर्बाद होना प्रारंभ हो जाता है वह जितना पैसा हारता है उसे पाने और भी ज्यादा राशि दांव पर लगाने लग जाता है और इस तरह मानसिक अवसाद का भी शिकार हो जाता है। पैसे न होने पर कर्ज लेना एवं पैसे के लिये अवैध तरीके भी अपनाने लग जाता है। इस तरह एक ओर तो आर्थिक रूप से नुकसान तो दूसरी ओर मानसिक स्थिति दिवालिया होने लग जाती है परिवार में कलह अलग प्रारंभ हो जाती है यह ऐसा मकड़ जाल है जिसमें एक बार जो फसा तो फिर पूरी तरह बर्बाद होकर ही बाहर निकल पाता है। लोग इस तरह बर्बाद न हों इसके लिये शासन-प्रशासन को त्वरित कदम उठाने होंगे।

## जिम्मेदारों की अनदेखी:खुली नालियों से हो रहे हादसे





हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/बम्हनीबंजर

बम्हनी नगर के वार्ड नंबर 12 रेलवे-स्टेशन मार्ग में नाली का निर्माण तो करा दिया गया लेकिन नाली को कवर करना ठेकेदार भूल गए। जिसके कारण यहां हादसे हो रहें हैं। खुली नाली होने के कारण बुधवार को देर रात कार नाली में घुस गई गनीमत रही कि चालक बाल-बाल बचे और बड़ा हादसा होने से टल गया। बताया गया है कि नाली का निर्माण कार्य मार्ग से दो-तीन फिट नीचे की गई है जिससे अब हादसे तो हो ही रहा है साथ ही वार्ड वासियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 12 रेलवे-स्टेशन मार्ग में नाली का निर्माण लगभग दो महीने से चल रहा है, जैसे तैसे कर नाली तो बन गई है लेकिन ठेकेदार की लेटलतीफी के कारण अभी तक नाली कवर नहीं हुई है जिससे गहरी और चौड़ी नाली खुली पड़ी हुई है जिसके कारण अब यहां आए दिन हादसे हो रहें हैं। बुधवार की रात को भी नाली में कार समा गई थी। इसके बावजूद भी वार्ड जनप्रतिनिधि और अधिकारी द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जिसके कारण वार्ड वासियों सहित राहगीर परेशान हैं।

### गुणवत्ता का ख्याल बिल्कुल नहीं रखा गया

यहां लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा नाली का निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन किया गया है, यहां मटेरियल में मापदंड के अनुसार नहीं रखा गया है। यहां नाली सड़क से दो-तीन फिट नीचे बना दी गई है जिसके कारण नाली नहीं दिखाई दे रही है। यहां हादसे भी हो रहें हैं, जिससे वार्ड वासियों में नाराजगी देखी जा रही है।

### बम्हनीबंजर में दी गई महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

**बम्हनीबंजर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद अधिकारी मीना पटेल के नेतृत्व में सभी ने महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। उसके बाद दो मिनट का मौन रखकर बापू को याद किया। कार्यक्रम में अधिकारी के साथ नगर परिषद अध्यक्ष, वार्ड पार्षदगण और कर्मियों सहित व्यापारी व समाजसेवी मौजूद रहे। सभी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही सभी ने महात्मा गांधी के बताए गए मार्ग पर चलने का शपथ भी लिया।

## भुआबिछिया में गांधी मेला का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

ऐतिहासिक गांधी मेला का उद्घाटन उनकी पुण्यतिथि पर गुरुवार को भुआ बिछिया मेला स्थल पर विधायक नारायण सिंह पट्टा के मुख्य अतिथ्य, पूर्व जनपद अध्यक्ष जोश सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया।

ध्वजारोहण एवं महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण कर अतिथि एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा कर मेला का विधिवत शुभारंभ किया गया। सर्व धर्म समभाव का संदेश देते हुए गीता रोहणी प्रसाद शुक्ल,गुरु ग्रंथ पलक राजपाल, साहिब, कुरान हाफिज, बाइबल का पाठ रंजीत लाकरा द्वारा किया गया। स्वतंत्रता सेनानी परिवार जनों में जोश सिंह ठाकुर, शिवानंद गोस्वामी, भरत भट्ट, दादूलाल जंघेला का साल श्री फल से सम्मान परिषद पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक श्री पट्टा, कार्यक्रम अध्यक्ष जोश सिंह ठाकुर, नगर परिषद उपाध्यक्ष रणधीरसिंह रानू राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, ने अपने विचार व्यक्त कर मेला की गरिमा बढ़ाने में जनप्रतिनिधि, नागरिकों से अपील की। कार्यक्रम का कुशल संचालन बलराम पुरी गोस्वामी ने एवं आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस ने किया।

महात्मा गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम, राम आएंगे का संगीत मय गायन स्थानीय गायकों एवं नगर की महिमा पर गीत राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक रोहणी प्रसाद शुक्ल ने गाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। इनकी रहीं उपस्थित पूर्व मंडी अध्यक्ष सुनील नामदेव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य इलावती पाटिया, रूक्मणी साहू, नैनवती कुडापे, अशोक नानकानी, सुनील गर्ग, रिखीराम परस्ते, कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी, राजेन्द्र साहू, झुन्ना ठाकुर, टेकराम राय, अशोक राजपूत, डमरू राजपूत, रमेश नंदा,पार्षद प्यारे लाल कोराम, त्रिवेणी तेकाम, अजयपुरी गोस्वामी, विकास ग्वाले, रजनी मरावी, चेतना राजपूत, नरेश कसार, नारायणी साहू, पूनम रजक, शशिकांत श्रीवास्तव सहित परिषद के कर्मचारी, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## विलंब से आवेदन का निराकरण करने पर जुर्माना अधिरोपित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 में निहित प्रावधानों के तहत श्री गजानन नाफडे मुख्य नगरपालिका अधिकारी मण्डला, जिला मण्डला के कार्यालय में लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से प्राप्त आवेदन का निश्चित समय-सीमा में निराकरण न होने के कारण मुख्य नगरपालिका अधिकारी पर 250 रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक सतेन्द्र कुमार बरमैया ग्राम अहमदपुर पोस्ट घाघा के आवेदन का निराकरण 19 दिसंबर 2024 तक किया जाना था, जबकि समय सीमा के बाद एक दिन पश्चात आवेदन का निराकरण किया गया। जिसके संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, जिसका प्रतिउत्तर समाधानकारक न होने के कारण अस्वीकृत किया गया है। अपीलीय अधिकारी द्वारा क्षेत्राधिकार का उपयोग करते हुए पदाभिहीत अधिकारी श्री गजानन नाफड़े मुख्य नगरपालिका अधिकारी मण्डला को एक कार्य दिवस के विलंब से कार्यवाही किये जाने के कारण म०प्र० लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के पैरा 7 (1) (ख) के प्रावधानों के तहत 01 आवेदन का (250 प्रतिदिवस प्रति आवेदन पर) एक कार्यदिवस के विलंब हेतु 250 की शास्ति अधिरोपित की गई है। साथ ही आदेशित किया गया है कि शास्ति की राशि लोक सेवा गारंटी अधिनियम में जमा कराई जाकर चालान की एक प्रति तीन दिवस के अंदर कार्यालय में तत्काल जमा करना सुनिश्चित करें।

**महिला आजीविका औद्योगिक सहकारी संस्था मर्यादित-मण्डला**

Mahila Aajivika Audyogik Bahkari Sanstha Maryadit
(Ready To Eat Energy Food Plant)-Mandla-481661
ग्राम रसैयादोना, ग्राम पंचायत खुड़िया, जिला-गण्डला
Mail id-thrmandla@gmail.com
पंजीयन कमांक/आर.सी.एस/नवाचार/277

क्र./मण्डला/पो.आ./2024-25/1629 दिनांक 30/01/2025

-: निविदा :-

महिला आजीविका औद्योगिक सहकारी संस्था मर्यादित पोषण आहार संयंत्र मण्डला से निकलने वाला वेस्ट पदार्थ मुर्गीदाना, बायलर की राख, एवं बारदाना (प्लास्टिक/जूट) इत्यादि उचित मुल्य पर विक्रय हेतु 01 वर्ष के लिए निविदाए आमंत्रित की जाती है। निविदा दाखिल करने की अंतिम तिथि, 05.02.2025 को दोपहर 02 बजे तक ली जायेगी। जो दिनांक 06.02.2025 को दोपहर 12 बजे निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी निविदा प्रपत्र का मूल्य 1180/- रू. (जीएसटी सहित) है, मुर्गीदाना, खाली बारदाना जूट, खाली बारदाना HDPE, बायलर की राख एवं भूसा की धन संकल्प राशि 100000/-रू. महिला आजीविका औद्योगिक सहकारी संस्था मर्यादित : मंडला के खाता क. 0310000102203923 आई एफ एस कोड PUNB0031000 शाखा पंजाब नेशनल बैंक, मंडला में जमा कर पावती संयंत्र को प्रस्तुत की जायें, निविदा की शर्तें एवं अन्य जानकारी पोषण आहार संयंत्र मण्डला के विक्रय समिति से कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | मुर्गी दाना (वेस्ट पदार्थ) (किलो ग्राम) |
| 2 | खाली बारदाना जूट (एफ सी आई 50 कि.ग्रा.) |
| 3 | खाली बारदाना IIDPC ( एफ सी आई 50 कि.ग्रा.) |
| 4 | खाली प्लास्टिक HDPE बारदाना (शक्कर, सोया फ्लोर, सोया ग्रिट, मूंग दाल, चना दाल एवं नमक 50 कि.ग्रा. |
| 5 | खाली प्लास्टिक HDPE बारदाना [मिक्स मशाला 35-40 कि.ग्रा.) |
| 6 | खाली प्लास्टिक HDPE बारदाना (मिल्क पाउडर 25 कि.ग्रा.) |
| 7 | बायलर की राख (मैट्रिक टन) |
| 8 | भूसा (मैट्रिक टन) |

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
पोषण आहार सयंत्र मण्डला



## खबर संक्षेप

### फसलों को तबाह कर रहे जंगली सुअर, अन्नदाता किसानों की बढ़ी मुसीबत



**सिंहपुर छोटा।** पिछले तीन साल से प्राकृतिक आपदाओं से किसानों की फसलों को इतना नुकसान पहुँचाया है कि उनकी आर्थिक दशा सँभलने का नाम नही ले रही है और कर्ज के शिकंजे में जकड़े किसान विभिन्न समस्यो से छुटकारा पाने छटपटा रहे है। बीते वर्षो में खरीफ फसल सीजन में अल्प वर्षा से किसानों की फसलों की पैदावार अच्छी न होने के बावजूद हौसले को किसी तरह बुलन्द कर खाद, बीज का किसी तरह जुगाड़ कर रबी फसलों की बोवनी की थी जो इस समय फलने की स्थिति में पहुंच रही है। मगर इस समय लगातार बन बिगड़ रहा मौसम तो दूसरी ओर जंगली जानवर लगातार किसानों की फसलों को क्षति पहुंचाते हुये देखे जा रहे है। इस तरह किसान अपने खेतों में खड़ी हुई फसलों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे है। बताया जाता है कि किसानों की रबी सीजन की फसलें जंगली सुअर, हिरण और बंदर तबाह कर रहे है। ऐसे में परिस्थितियों से लाचार किसानो को व्यर्थ कृषि लागत जाने और रबी फसलों की पैदावार कम होने का अंदेशा सताने लगा है। क्षेत्र के अनेक गांवों के किसानों का कहना है कि उनके खेतों में फलने की ओर पहुंच रही मसूर, चना, बटरी, राहर, गन्ने की फसलों को जंगली सुअर बर्बाद कर रहे है। गॉवों में सर्वाधिक वन्य जीव बन्दरों का आतंक है, जो झुंड में रहते है और मौका देखकर किसानो की फसलों को नुकसान पहुंचाते है। हालत यह है कि बंदर एक दिन में एक एकड़ में लगी बटरी की फसल तबाह कर रहे है और गन्ना फसल को खाते हुए उसे तहस नहस कर रहे है। किसानों का कहना है कि हिरण, बंदर, सुअर जंगल क्षेत्र की स्थितियॉ प्रतिकूल होने से किसानों को नुकसान पहुँचाने ग्रामों में पलायन कर रहे है। इस बारे में वन विभाग के अधिकारियों से पूर्व में कई बार शिकायतें की गयी किंतु फसलों को विनष्ट करने वाले जंगली, सुअरों को नियंत्रित करने की कार्यवाही वन विभाग की ओर से नही, जिसका खामियाजा किसानों को भुगतने मजबूर होना पड़ रहा है। इस हालत में वर्तमान में देखा जावे तो किसानों के खेतों में खड़ी हुई फसलों को बंदर, जंगली सुअर जिस तरह उनकी रबी फसलों को नुकसान पहुँचा रहे है,उसने किसानो की मुसीबतें और बढ़ा दी है। किसानों ने वन विभाग से अपेक्षा जतायी है कि वह उनकी फसलों को तबाह करने वाले हिरण, बंदर, जंगली सुअरो को पकड़नें के लिए रेस्सक्यू आपरेशन चलाये तथा इन जानवरो को जंगल में छोड़ने की किसानहित में शीघ्र व्यवस्था करें।

### दिन के समय शहर में भारी वाहनों की धमाचौकड़ी दे रही बडे खतरे की ओर संकेत...?

**गाडरवारा।** महॅगी कारों मे घूमने प्राशनिक अधिकारी लाख दावा करें कि शहर की यातायात व्यवस्था मे पूर्वापेक्षा सुधार हो रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि यहॉ की यातायात व्यवस्था अराजक है, जिसे पटरी पर लाने की पहले की गयी कवायद बेअसर साबित हुई है? शहर मे वाहनों की अधिकता के बावजूद जनसुरक्षा की जवाबदारी निभाने वाला विभाग अनियंत्रित गति से दिनरात धमाचौकडी करने वाली उन भारी भरकम ट्रकों पर ध्यान नही दे रहा है जो सारेआम सड़कों पर मौत का सायरन बजाकर असुरक्षा का माहौल निर्मित कर शहरवासियों को चिन्ता मे डाल रहे है। शहर की मुख्य सडकों पर धडल्ले से दौड़ रहे भारी भरकम ट्रक चालकों की हिमाकत के सामने लगता है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने का ढोल पीटने वाले बौने साबित हो रहे है, जिसका परिणाम है कि शहर मे आवागमन जोखिम भर होता जा रहा है? समूचें शहर मे ट्रकों का कोलाहल, तेज ध्वनियॉ गूॅजने से शहरवासियों के सब का बांध टूट रहा है और भारी भरकम ट्रकों का नो एंट्री टाइम निश्चित होने के बाद भी उनका नगर में प्रवेश करना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सबाल खडे कर रहा है? ज्ञात हो कि कुछ वर्ष पहले नगर में रही तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी सुश्री रंजना पाटने द्वारा नगरवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुये सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर निषेध करते हुये स्थाई नो एन्ट्री लागू करने का आदेश पारित करते हुये उसे सुचारू कर दिया गया था।

# शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में नियमों को दरकिनार करते हुये स्थापित किये जा रहे मोबाईल टावर, अनेक टावरों से लाल सिंग्नल तक है गायब





**गाडरवारा**

जहां एक ओर इस समय लोगों में अनेक प्रकार की नई नई बीमारी आये दिन जकड़ते हुए चली जा रही है, उसका प्रमुख कारण यह माना जाता है कि लगातार बढ़ रही भौतिक बादी सुविधाओं की प्रमुख देन है। क्योंकि जहां लोगों द्वारा खान पान का ध्यान नही रखा जा रहा है। वही दूसरी ओर आमजन के लिए सुविधा जनक माने जाने वाले साधनों से पैदा होने वाली तरंगे भी बीमारियों का प्रमुख कारण साबित होने से नही चूक पा रही है? वही दूसरी ओर बताया जाता है कि जिस प्रकार से शहरों के रहवासी क्षेत्रों में जो मोबाईल टाबरों की स्थापना हुई है या फ़िर हो रही है जो कही न कही अनेक प्रकार की बीमारियों को बढ़ावा देने में प्रमुख रूप से सामने आने से नही चूक पा रही है? विशेषज्ञो के अनुसार सेल फोन टॉवरों से भी मानव शरीर को विशेष दुष्प्रभाव पड़ता है, जिसे ध्यान में रखते हुए शायद पूर्व में मा. न्यायलय द्वारा इन्हे स्थापित करने के लिए निर्धारित माप दंडों का पालन करने का आदेश दिया गया था। मगर शायद ही उस आदेश का कही पालन होते हुए दिखाई दे रहा हो? क्योंकि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किये गये अनेक टावरों की सच्चाई इस प्रकार से बनी हुई है कि जहां इन टाबरों में रात के समय लाल सिंग्नल ही नजर नही आ रहे है तो वही दूसरी संबंधित द्वारा न इन टावरों को रख रखाब किया जा रहा है और नही ही इनकी पुताई की जाती है जा रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि संबंधित विभाग द्वारा इन टाबरों की सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार से कोई प्रबंध नही किये जाने के कारण लोग इन पर चढ़कर आंतक मचाते हुये भी देखे जाने लगे है? जबकि नियम के अनुसार टाबरों की ऊँचाई स्पष्ट करने के लिये सफेद व लाल रंग में पोता जाता है? जानकारी के अनुसार इन सेल टाबरों से होने वाले दुष्प्रभाव को लेकर नगरीय क्षेत्रों में सेल फोन टॉवर स्थापित करने के लिये म.प्र. मानव अधिकार आयोग ने कम से कम ऐसे भूखंडों का चयन करने को प्राथमिकता देने की अनुशंसा की गई है, जिनका आकार ढाई सौ फूट हो, इन भूखंडों पर सेल फोन टॉवर के लिये स्थापित की जाने वाली मशीनों और जनरेटर से 100 फूट की त्रिज्या में कोई भी रिहायशी आवास न हो और टॉवर स्थापित करने के लिए जनरेटर की चिमनी की ऊंचाई न्यूनतम 30 फूट अथवा पास की ऊंचे आवासीय भवन से 20 फूट अधिक होना चाहिए? वही बताया जाता है कि पूर्व में ही इस संबंध में आयोग ने सिफारिश की गई थी कि ढाई हजार वर्ग फूट तक के आवासीय भूखंडों पर स्थपित टॉवर तत्काल हटाये जाने चाहिये तथा रिहायशी कॉलोनियों में मकानों की छात पर स्थपित टॉवरों से लोगों की जान और माल की क्षति का खतरा बना रहता है, इसलिए टॉवरों की ऊंचाई इतनी हो कि उनके गिरने से कोई जनहानि न हो साथ ही साथ टॉवर स्थापित किये जाने वाले स्थान को वायर फैसिंग और चार दीवारी बनाकर सुरक्षित रखा जाना चाहिये तथा विद्युत या डीजल जनरेटर से संचालित होने वाले टॉवरों में ध्वनि प्रदूषण न हो इसका विशेष ध्याान रखा जाना चाहिये? जानकारी के अनुसार आयोग की पहल पर शासन ने सेल फोन टॉवर से निकलने वाली विद्युत चुंबकीय विकिरणों के दुष्प्रभावों का अध्ययन करने के लिये विशेषज्ञों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि ये विद्युत चुम्बकीय विकिरणें माताओ, गर्भस्था में शिशुओं ओर बालकों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है? मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में



निजी कंपनियों द्वारा अपनी मनमर्जी के अनुसार टाबर खड़े कर दिये गये है जहां पर लोग निवास करने के शिक्षण संस्थाओं के आलवा स्वास्थ्य केन्द्र भी मौजूद है। अनेक जगहों पर तो इस प्रकार से देखा जाता हे कि जहां पर सेल फोन टाबर लगे है उन्ही भवनों में स्कूल संचालित हो रहे है साथ ही साथ नगर में अनेक रहवासी इलाकों में टाबर खडे करने से आमजनों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रहे है? इस प्रकार से निर्धारित मापदंडो को दर किनार करते हुए शहर से लेकर गांवों में स्थापित किये गये टाबर अपनी सच्चाई खुद ही उजागर करने से नही चूक रहे है? जिनका जहां दिन के समय कलर ही दिखाई न देता है और रात के समय लाल सिंग्नल तक गायब रहता है, वही दूसरी ओर टाबरों के पास किसी भी प्रकार से कोई सुरक्षा कर्मी मौजूद न रहने के कारण आये दिन लोग इन टाबरों पर चढ़कर हंगामा खड़ा करने से भी नही चूक रहे है। मगर इसके बाद भी प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते लोगों में अनेक प्रकार की बीमारियाँ होने की संभावना के साथ साथ बगैर सिंग्नल वाले टाबरों से किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होने की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है? जहां तहां स्थापित हो रहे टाबरों को लेकर लोगों का कहना है कि निजी कंपनियों द्वारा आम लोगों को जरा से धन का प्रलोभन देते हुए उनके भवनों पर टाबर खडा करने के लिए तैयार तो कर लेते है, मगर वह मकान मालिक जरा से धन के लालच में आकर अपने भविष्य को दाब पर लगाने से भी नही चूक रहे है।

## नाबालिग किशोरी से छेड़खानी करने वाले को न्यायालय ने सुनाई सजा

**गाडरवारा।** नाबांलिग किशोरी के साथ छेड़खानी करने के आरोपी को बीते हुये स्थानीय न्यायालय द्वारा अपना निर्णय सुनाते हुये सजा सुनाई गई। बताया जाता है कि स्थानीय न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा नाबालिग की लज्जा भंग करने के प्रकरण में आरोपी अजय मेहरा आ. सिम्मू मेहरा आयु 20 वर्ष, हाल निवास- नर्मदा कालोनी गुड्डा साहू का मकान गाडरवारा तथा वर्तमान निवास- ग्राम खुरसीपार को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को भादवि की धारा- धारा 363 में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। इस संबंध में जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी ने अपनी जानकारी देते हुये बताया गया कि घटना बीते हुये वर्ष यानि की 7 फरवरी 2024 की है। अभियोक्त्री की रिपोर्ट पर थाना गाडरवारा में पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ धारा 363, 354, 354-ए भादवि एवं धारा 7/8 पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले कायमी आरक्षी केन्द्र पलोहा में अपराध क्रमांक 18/2024 पर की जाकर प्रकरण विवेचना में लिया गया था। वही पुलिस ने अनुसंधान में




आगामी प्रक्रम पर अभियोक्त्री के कथन लेखबद्ध किये गये एवं आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं अन्य आवश्यक कार्यवाही एवं अन्वेषण उपरांत अभियोगपत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत किए गए साक्षी जिसमें पीडिता के कथन तथा माता-पिता की साक्ष्य महत्वपूर्ण एवं विश्वसनीय मानते हुये आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुये न्यायालय द्वारा आरोपी को उक्त सजा सें दंडित किया। प्रभारी उपसंचालक अभियोजन/जिला लोक अभियोजन अधिकारी के मार्गदर्शन में, विशेष लोक अभियोजक श्रीमती संगीता दुबे द्वारा उक्त प्रकरण मेंपैरवी करते हुये प्रस्तुत की गई अपनी तर्को से सहमत होते हुये न्यायालय द्वारा आरोपी को सजा सुनाई गई।

## आइसना पत्रकार संगठन द्वारा बैठक के माध्यम से सम्मान समारोह की तैयारियों पर की गई चर्चा

**गाडरवारा।** पत्रकार साथियों को परेशानी के दौरान कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने वाले आइसना पत्रकार संगठन द्वारा हर साल सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। इसी के चलते इस साल भी संगठन द्वारा अपना आठवां सम्मान समारोह किये जाने की तैयारी की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर के विश्राम गृह में संगठन के साथियों द्वारा एक बैठक का आयोजन करते हुये जहां आयोजन को लेकर चर्चा की गई तो दूसरी ओर अन्य मुद्दो पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भाति पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन आने वाली 23 फरवरी को माँ नर्मदाजी के पावन तट बरमान घाट में किया जावेगा। वही इस बार पत्रकार साथियों के आलवा अन्य सामाजिक संगठनों के आलवा उन प्रतिभाओं को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया



गया है जो अपने साथ साथ अन्य क्षेत्रों में नाम रोशन करने में पीछे नही रहते है। आयोजित हुई इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन के प्रदेश पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष सहित अनेको वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे जहां पर संयुक्त रूप से आयोजन को लेकर रणनीति बनाई जिससे कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जा सके। वही सम्मान समारोह की जानकारी अधिक साथियों तक पहुंच सके इसके लिये प्रचार प्रसार हेतु कमेटियों की अलग अलग गठन किया गया है।

## अव्यवस्थाओं का बोलबाला, मासूम बच्चे थाली धोने में कर रहे समय बर्बाद, सरकारी स्कूलो में दिखाई पड़ रहा दृश्य

**गाडरवारा।** जहां ओर केन्द्र से लेकर प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में अध्ययन करने वाली छात्र छात्राओं के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाते हुए उन्हें सुविधाएं प्रदान की जा रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि क्षेत्र के अनेक सरकारी स्कूलो में बच्चो की सुविधा और शिक्षा के खुशहाल माहौल को





अक्सर नदारत पाये जाते है, क्योंकि क्षेत्र के अधिकांश शासकीय स्कूलों की शिक्षकों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि वहां पर पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाएं अपनी अप डाऊन प्रवृति के चलते जहां न तो समय पर स्कूलों में पहुंचते है और न स्कूल छूटने के समय तक वहां पर मौजूद रहते है। क्योंकि उन्हें आने जाने के वाहन पाने के लिए स्कूलों से जल्दी भागते हुए देखा जाता है, इस स्थिति में वह बच्चों को बीच में ही छोड़कर भागने की फिराक में देखे जाते है? इतना ही नही शासन द्वारा स्कूलों में अध्ययन करने वाली बच्चों को जो भोजन की व्यवस्था की गई है उसमें भी अनेक जगहों पर काफी अनियमितताएं देखने मिल रही है? जिसमें बताया जाता है कि बच्चों को भोजन की व्यवस्था करने वाले स्व सहायता समूहो अध्ययनरत बच्चो को अपनी सुविधा के अनुसार अरूचिकर भोजन परोसने में लगे हुये है। जबकि गौर किया जावे तो शासन के द्वारा समूहो के लिए निर्धारित गाईड लाईन मीनू के अनुसार भोजन देने की व्यवस्था बनाये जाने के आदेश दिये गये है। मगर शासकीय स्कूलों में समूहों द्वारा बच्चों को मीनू के हिसाब से भोजन न मिलते हुए मात्र भोजन देने की औपचारिकता ही नजर आ रही है? वही अनेक स्कूलों में तो स्थिति इस प्रकार से देखने मिली है कि भोजन के बाद बच्चे खुद ही वर्तन साफ करते हुए देखे जाते है? क्योंकि समूहों का संचालन कर रहे लोगों में अधिकांश जगह स्थिति यह बनी है कि बच्चो के जूठे बर्तन धोने को कोई तैयार नही है। जब हमारी टीम ने अंचल के स्कूलो व्यवस्थायें देखी तो अनेक जगहों पर यह आलम देखने मिला जहां भोजन के बाद बच्चे स्कूलों में लगे हुए हेण्ड पंपो पर वर्तन धात हुए नजर आ रह ह। इस सच्चाई के चलते अब सबाल यह उठता है कि जब बच्चें भोजन के बाद अपने वर्तन धोने में अपना समय खर्च करेगे तो फिर वह पढ़ाई कब कर पायेगे? जबकि बताया जाता है कि शासकीय स्कूलों में हर समूह में दर्ज संख्या के आधार पर खाना बनाने व बच्चो की थॉली धोने के लिए रसोईयो की नियुक्ति शासन के द्वारा की गई है, पर हाल यह है कि बच्चों को खाना खिलाने में होने वाली कमाई का फायदा उठाने के लिए स्कूल आंगनबाडी में समूह संचालन के लिए लोगो की फौज कतार में खडी हुई है। जहां पर बच्चो की खाना की थॉली धोने को छूत समझने वालो की कमी नही है...? जिसके चलते क्षेत्र के अधिकांश स्कूलो के प्रधानध्यापको ने बताया कि समूहों की व्यवस्था जब से जनपद के अधीन हुई है तब समूहो पर नियंत्रण नही बचा है जिसके चलते स्कूलों में दर्ज संख्या के अनुपात से आधे बच्चों की उपस्थिति होने की जानकारी देने के बाद भी पूरे दर्ज संख्या के अनुपात से जनपद कार्यालय से राशि व खाद्यान्न कूपन जारी हो जाते है और बच्चो को मीनू अनुसार स्वादिष्ट सॉफ स्वच्छ खाना थॉलियो मे देने व बच्चो की थालियो में खिलाने के साथ थालियो की सफाई करने की व्यवस्था समूहो की होती है? बावजूद इसके अनेक समूहो का संचालन करने वाले बच्चो की थॉलियो धोने को अछूत कार्य मनातें है? जिसके चलते मजबूरन बच्चे अपनी झूठी थाली धोने को विवश होना पड़ता है? जिसका उदाहरण क्षेत्र की अनेक शासकीय शिक्षण संस्थाओं में आसानी से देखने मिल सकता है, जहां पर बच्चें भोजन के बाद अपनी थालियों को धोने के लिए मजबूर देखे जा रहे है।

# चीचली क्षेत्र में लक्ष्मीजी के आशीर्वाद के चलते कई एकड़ जमीन के मालिक भी प्राप्त कर रहे गरीबी रेखा के कार्ड, जांच हुई तो चौकाने वाली सच्चाई आ सकती है

**चीचली।** शासन की योजनाओं में मनमानी करना शायद अधिकारियो का आदत में बनता जा रहा है और इसी का परिणाम है कि सरकार द्वारा गरीबों का उद्वार करने के उद्वेश्य से चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बाद भी गरीबों की स्थिति जहां की तहां है ओर आपत्र जरूर धनवान बनने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस बात की सच्चाई नगर सहित जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में देखने मिल सकती है..? जहां पर



बताया जाता है कि जिस तरह से गरीबी रेखा व अति गरीबी रेखा सूची में शामिल करने का खेल कुछ संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा माँ लक्ष्मी जी के आर्शीवाद के चलते खेल खेला जा रहा है उसके चलते सरकार का गरीबी हटाओ अभियान फैल होने के साथ गरीबों की संख्या बढ़ाने की सच्चाई दिखाई पड़ने से नही चूक पा रही है..? इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो इसमें पात्र लोगों के नाम तो नही जुड पा रही है मगर साधन संपन्न लोग जरूरी गरीबी रेखा के अंदर का कार्ड प्राप्त करते हुये शासन की योजनाओं का लाभ लेकर मोटापा पढ़ाने में पीछे नही रह रहे है..? इस तरह पात्र गरीब आज भी सरकारी कार्यालयों का चक्कर काटते हुये देखे जा रहे है। किन्तु अपात्रों के नाम लक्ष्मी जी के आशीर्वाद के चलते जरूर जोड़े जाने की चर्चाये सुनाई पड़ रही है। जिसके चलते शासन की योजनाओं के चलते गरीबों को मिलने वाले हक का उपयोग अपात्र लोग आसानी से उठाते हुए देखे जा रहे है..? वही दूसरी ओर वास्तविक पात्र हितग्राही रोजी रोटी की तलाश में भटकने के लिए मजबूर हो रहे है। आमजन का कहना है कि यदि इस क्षेत्र की गरीबी व अतिगरीबी रेखा सूची पर गौर किया जावे तो अनेक गांवों में इस प्रकार के लोग मिल सकते है जिनके कई एकड़ खेतों में बने हुए नककूप्पों में मोटरे चल रही है और वह गरीबी रेखा की योजनाओं के हकदार बनते हुए शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाइनों में सबसे पहले दिखाई देते है..? यदि इमानदारी के साथ इस क्षेत्र की गरीबी रेखा सूची का ईमानदारी के साथ निरीक्षण किया जावे तो अनेक पंचायतों में इस प्रकार के गरीब मिल सकते है जो कई एकड़ जमीन के कास्तकारो होने के साथ साथ जिनकी पक्की बिल्डिग बनी हुई और उनकी बिल्ड़गों से ठंड के दिनों में जहां हीटरों से गर्म तो गर्मी के दिनों में घरों में लगी हुई ऐसी व कूलरों की डंडी हवाये निकलने से नही चूकती है। उन लोगों को इस सूची में शामिल करना अधिकारियों की लापरवाही या फिर प्रभावशालियों के दबाव का नतीजा के साथ साथ लक्ष्मीजी का आर्शीवाद ही माना जा सकता है? जिसके चलते अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा शासन के आदेशों को दर किनार करते हुए गरीबों की योजनाओं के हकदार साधन संपन्नों को बना दिया गया है? जबकि गौर किया जावे तो क्षेत्र में अनेक भूमिहीन गरीब इस प्रकार से घूमते हुए देखे जा सकता है जो शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए जहां अधिकारियों के चक्कर काटने के लिए मजबूर देखे जा रहे है? जिस प्रकार की कार्य प्रणाली के चलते शासन की योजनाओं में पलीता लगाया जाना आम हो चुका है, जो गरीबों का हक अमीरों के लिए वरदान बना हुआ है? क्षेत्र वासियों का कहना है कि एक ओर जहां सरकार तो खुलीमंचों से गरीबों को लाभ देने की बात कह रही है मगर उन गरीबों को उनकी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र बनने ही नही दिया जा रहा है, यदि यहां की सूचियों की जांच की जावे तो गरीबों रेखा में ऐसे लोग पाये जा सकते है जिनके खेतों की सिंचाई करने के लिए कई नलकूपों से पानी निकाल रह है और वह गरीबी रेखा के माध्यम से सरकार द्वारा गरीबो के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर अतिक्रमण किये बैठे हुए है।

## स्कूलों मे स्वतंत्रता संग्राम शहीदों की याद में मौन धारण करते हुये अर्पित किये श्रद्वासुमन



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** देश के लिये अपनी जान न्यौछावर करने वाले तथा स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में बीते गुरूवार को क्षेत्रीय स्कूलों मे सुबह 11 बजे शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने मौन धारण कर श्रंद्धाजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर सहित आस पास के ग्रामीण अंचलों मे इस दौरान विभिन्न शासकीय व अशासकीय स्कूलों मे शिक्षकों ने मौन धारण के पूर्व कार्यक्रम की पृष्ठभूमि से अवगत कराया। नगर के शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे प्राचार्य एस के मिश्रा ने कार्यक्रम के पहले छात्र छात्राओं को बताया कि हमारे देश को आजादी दिलाने मे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अहम योगदान है।

### स्कूली बच्चों को प्रदान की गई जरूरी शिक्षा सामग्री सहित बैग

**सांईखेड़ा।** गांवों में बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए सेवा भाव के साथ जिले की विंध्यवासिनी माइनिंग वर्क कंपनी एल एल पी द्वारा एक अनोखी पहल की गई। बताया जाता है कि कंपनी द्वारा क्षेत्र के संसारखेड़ा, अर्जुनगांव, बैरागढ़, गांगई सहित अन्य गांवों में स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी, पेन, पेंसिल और स्कूली पढ़ाई संबंधित सामग्री का वितरण किया। यह पहल न केवल बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करेगी, बल्कि उन्हें अपनी पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री भी प्रदान की गई। कंपनी की इस पहल की सराहना की जा रही है जो शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी द्वारा और भी गांवो में भी लगातार शिक्षा सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

## शैक्षिक संवाद का हुआ आयोजन, माता-पिता की हो सक्रिय सहभागिता



**चीचली**

शनिवार को विकास खंड चीचली के जन शिक्षा केंद्र उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा तीसरी से पांचवी पढ़ाने वाले शिक्षकों के शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। इस संवाद में सहजकर्ता सत्यम ताम्रकार, मन्नालाल पटले एवं गिरीश ताम्रकार द्वारा प्रभावी चर्चा करते हुए शैक्षिक संवाद की शुरुआत करते हुये उनके द्वारा पिछले संवाद के पोस्ट वर्क का प्रस्तुतिकरण, अभिभावकों की सहभागिता से परिचय, साझा समझ का विकास, विषय आधारित अनुभव, रोल प्ले गतिविधि, केस स्टडी, सहभागिता बढ़ाने संबंधित प्रयासों पर चर्चा, समेकन इत्यादि पर चर्चा हुई। इस शैक्षिक संवाद की मॉनिटरिंग विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटेल एवं जन शिक्षा केंद्र प्रभारी भूपेश ठाकुर द्वारा की गई। उनके द्वारा प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शैक्षिक संवाद की महत्वता से परिचित कराया। प्रत्येक शिक्षक इस शैक्षिक संवाद की प्रक्रिया से लाभान्वित हो तथा छात्रों के लिए कक्षा में सीखने के लिए रोचक सक्रिय तथा आनंदमयी वातावरण का निर्माण हो, ऐसे प्रयास किए जाने संबंधित चर्चा की। इस शैक्षिक संवाद में जन शिक्षा केंद्र के कक्षा तीसरी से पांचवी पढ़ाने वाले सभी शिक्षकों की सहभागिता रही।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गुलशन आत्मज सुबोध जैन एवं विनय मंगतानी आत्मज श्री गोविंदराम मंगतानी निवासी गाडरवारा ने ग्राम गूजर झिरिया पटवारी हल्का नंबर 101/13 नं. वं. 126 स्थित भूमि ख. नं. 170/1, रकवार 1.359 हे. भूमि वीरेन्द्र आत्मज भोजराज एवं सहमतिकर्ता हेमन्त सिंह आत्मज भोजराज राजपूत से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 11/06/2022 अनुसार क्रय की है। उक्त भूमि को पूर्व में पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादन दिनांक 20/10/2006 जिसका पंजीयन दिनांक 08/12/2009 अनुसार हेमन्त एवं वीरेन्द्र राजपूत आत्मज भोजराज राजपूत द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र अनुसार क्रय की थी उक्त पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादन दिनांक 20/10/2006 पंजीयन दिनांक 08/12/2009 की मूल प्रति गुम हो गई है। जो ढूढ़ने पर नही मिल रही है। जिस संबंध में मेरे द्वारा थाना पलोहाबड़ा में भी विक्रय पत्र दिनांक 20/10/2006 की असल प्रति गुम होने संबंधी सूचना दिनांक 24/01/2025 को दर्ज कराई है। सर्वसाधारण को इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर उक्त विक्रय पत्र की असल प्रति के आधार पर अथवा अन्य किसी रूप में किसी भी सरकारी, गैर सरकारी संस्था बैंक आदि के पास रहन व्यय वखसीस जमानत गारंटी हेतु मूल बैनामा हो तो अपनी दावा आपत्ति 7 दिवस के अंदर मूल बैनामा एवं अन्य दस्तावेज सहित प्रस्तुत करे। अन्यथा की स्थिति में आवेदक गुलशन आत्मज सुबोध जैन एवं विनय मंगतानी आत्मज श्री गोविंदराम्म मंगतानी निवासी गाडरवारा को उक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदान किये जाने पर कोई भी दावा आपत्ति हक अधिकार शून्यवत माना जावेगा। और ऋण स्वीकृति उपरांत उक्त सम्पत्ति पर प्रथम अधिकार सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा गाडरवारा का होगा।

लिहाजा सूचना चानिये
गुलशन आत्मज सुबोध जैन
एवं विनय मंगतानी
आत्मज श्री गोविंदराम मंगतानी
गाडरवारा

## खबर संक्षेप

### नायब तहसीलदार ने अवैध रेत का परिवहन करते टैक्टर को पकड़ा



**डिंडोरी** । शहपुरा नायब तहसीलदार रयपुरा शैलेश गौर जिन्हे अभी मेंहदवानी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया भ्रमण पर मेंहदवानी निकले थे जहां ग्राम परापानी के के पास टैक्टर क्रमांक एमपी 51एबी 0423 को अवैध रेत का परिवहन करते हुए पकडा जांच करने पर पाया गया कि टैक्टर में अवैघ रूप से चार घन मीटर रेत भरकर परिवहन किया जा रहा है मौके पर कागज की मांग की गई जिसमें टैक्टर के डाईवर के द्वारा कोई भी वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं करवाया गया जिसके बाद मौका पंचनामा बना टैक्टर को थाना मेंहदवानी में खडा करवा आगे की वैधानिक कार्यवाही एसडीएम शहपुरा के लिए की जा रही है।

### स्कार्पियो वाहन ने आटो को मारी जोरदार टक्कर



**शहपुरा।** मिली जानकारी अनुसार घायल डिण्डौरी शहपुरा मार्ग पर ग्राम बरगांव बस स्टैण्ड में स्कार्पियो क्रमांक एम पी 20 एफए 7726 के चालक ने आटो क्रमांक एम पी 52 आर 1597 को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे आटो चालक राजेश झारिया घायल हो गया जिसे तत्काल स्थानीय लोगो ने सामुदायिक स्वास्थ्य क्रेन्द्र शहपुरा भिजवाया जहां ईलाज जारी वहीं पूरे मामले को पुलिस को जानकारी दी गई है।

### 10 फरवरी तक समग्र पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशन पूर्णतः बंद रहेंगे

**डिंडौरी ।** प्रबंधक ई-गवर्नेंस दीपक साहू ने बताया कि MPSEDC द्वारा संचालित समग्र पोर्टल एवं संबंधित एप्लीकेशंस (Samagraportal/SPR portal/BPL portal/ web service for API) को शीघ्र ही नए सर्वर इन्फ्रा (SDC2.0) पर माइग्रेट करने की प्रक्रिया की जानी है। उन्होंने बताया कि नए सर्वर इन्फ्रा (SDC2.0) पर माइग्रेट करने से समग्र एप्लीकेशन की दक्षता और कार्यक्षमता में सुधार होकर समग्र एप्लीकेशन के माध्यम से बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। सर्वर माइग्रेशन का कार्य 04 फरवरी 2025 रात्र से 10 फरवरी 2025 की रात्रि तक किया जाना प्रस्तावित है। अतः इस अवधि में लगभग 6 दिवस तक समग्र पोर्टल एवं समस्त संबंधित एप्लीकेशंस को पूर्णतः बंद रखा जाएगा। जनहित में सूचना जारी करते हुए बताया गया है कि अत्याप्रत्याशित स्थितियों से बचने के लिए समग्र पोर्टल पर निर्भर गतिविधियों को अग्रिम रूप से सुनियोजित कर दें।

### शहीद दिवस पर कलेक्ट्रेट सहित विभिन्न कार्यालय में दी गई मौन श्रद्धांजलि

**अनूपपुर।** देश भर में 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस तथा देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को सम्मान देने के लिए शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रातः 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिलीप पांडे तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले में सभी कार्यालयों में प्रातः 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया गया। शहीद दिवस पर जिले के विभिन्न कार्यालयो मे भी निर्धारित समय पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न

# कुपोषित बच्चों का डाटा तैयार करें, कार्ययोजना बनाकर कुपोषण खत्म करें

डिंडोरी।



कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में अपर कलेक्टर अनिल कुमार राठौर, सीएमएचओ डॉ. रमेश मरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम सिंगौर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर नेहा मारव्या ने जिले की स्वास्थ्य संरचना के संबंध में स्वास्थ्य विभाग की संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य, उप स्वास्थ्य केन्द्र में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, उपलब्ध चिकित्सक, संस्थागत प्रसव, उपलब्ध जांच उपकरण, केन्द्रों से रेफर करने वाले मरीजों की स्थिति सहित अन्य बिन्दुओं पर ब्लॉकवार जानकारी ली।

कलेक्टर नेहा मारव्या ने महिला बाल विकास विभाग के तहत संचालित आंगनवाडी केन्द्रों की स्थिति, कुपोषण दूर करने के लिए किए जा रहे कार्य, आंगनवाडी केन्द्रों में दी जा रही सुविधाएं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडली लक्ष्मी योजना सहित अन्य संचालित कार्यों की ब्लॉकवार जानकारी ली। कुपोषण को दूर करने के लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक आंगनवाडी की सूक्ष्मतम जानकारी तैयार कर कुपोषित बच्चों का डाटा तैयार करें, जिस पर कार्ययोजना बनाकर कुपोषण को पूर्णतः खत्म करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिला अधिकारी के लिए आंगनवाडी निरीक्षण हेतु रोस्टर बनाएं जिसके तहत संबंधित अधिकारी आंगनवाडी की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर कुपोषण से संबंधित प्रतिवेदन तैयार करें। जिसके आधार पर महिला बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त दल कुपोषण को पूर्णतः खत्म करने के लिए आवश्यक कार्य करें। साथ ही उन्होंने महिला बाल विकास विभाग को आंगनवाडी भवनों की वस्तुस्थिति संबंधी जानकारी प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। जन्म प्रमाण पत्र बनाने में हो रही देरी के संबंध में जानकारी लेते हुए संबंधित बीएमओ और सीडीपीओ को प्राथमिकता से जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर नेहा मारव्या ने कहा कि विभाग अपने मूल कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करें। जिससे शिकायत या लापरवाही की स्थिति निर्मित न हो। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाएगी। अगली बैठक में कार्यों में सुधार करते हुए प्राथमिकता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें।



## कलेक्टर ने जिला अधिकारियों की ली बैठक

**डिंडोरी।** कलेक्टर नेहा मारव्या ने जिले के समस्त पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया। उक्त बैठक में वनमंडल अधिकारी (उत्पादन) हरिओम, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक सहित अन्य विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर विभागों में संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पब्लिक सर्विस डिलीवरी को सुदृढ करते हुए कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित विभाग प्रमुखों को संचालित कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिसके संबंध में विस्तृत समीक्षा पृथक से की जाएगी।

## डिंडौरी जनपद पंचायत में आयोजित जन कल्याण शिविर में शामिल हुए विधायक ओमप्रकाश धुर्वे





हरिभूमि न्यूज डिंडोरी ।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से 11 दिसंबर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक निरंतर जनशिविर आयोजित किये गए। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का समापन कार्यक्रम राज्य स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान प्राप्त आवेदनो पर कार्यवाही कर अभियान के हितग्राही आवेदकों को हितलाभ वितरण करने के उद्देश्य से आज जनपद पंचायत डिंडोरी की ग्राम पंचायत धमनगांव, तेंदुमेर मोहतरा, दुहनिया, अझवार, गनवाही में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे शामिल हुए। उन्होंने जन कल्याण अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के आधार पर ग्रामीणों को हितलाभ का वितरण किया। इस दौरान ग्रामीण विकास को गति देने के उद्देश्य से उन्होंने सीसी रोड निर्माण कार्य सहित अन्य विकास कार्य का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने राजस्व विभाग, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभाग के हितग्राहियों को लाभान्वित किया। साथ ही अभियान के दौरान शेष रह गए पात्र हितग्राहियों के आवेदन भी स्वीकार किये। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंची है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया गया। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में आयोजित जनशिविरों को सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। अभियान में प्राप्त आवेदनों का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है अभियान के तहत 60 हजार से अधिक आवेदनों को स्वीकार कर 95 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का सफलतम निराकरण किया गया। आज आयोजित जन शिविर में जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समनापुर पुलिस ने 5 साल से फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार

डिंडौरी न्यूज।



पुलिस अधीक्षक महोदय डिण्डौरी (म.प्र.) के निर्देशन एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये एवं फरार व्यक्तियो/स्थाई वारंटियों की धर-पकड़ हेतु दिनाँक 29.01.2025 दिन बुधवार को रात्रि कॉम्बिंग गस्त ड्यूटी लगाये जाने पर थाना प्रभारी निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती द्वारा न्यायालय सुश्री मोहसिना खान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के प्रकरण क्रमाँक 1753/20 अप. क्र. 681/20 धारा 279,337 ताहि. एवं 3/181,5/180 मो. व्ही एक्ट के आरोपी गिरफ्तारी वारंटी भजन दास पिता भगवान दास पनिका उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम टिकरिया थाना समनापुर एवं प्रकरण क्रमाँक 1259/2020 अप. क्र. 358/20 धारा 294,323,506,34 ताहि. के आरोपी गिरफ्तारी वारंटी मूलचन्द यादव पिता मुरारीलाल यादव उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बोधघुण्डी थाना समनापुर के घटना वक्त 05 साल से लगातार यहाँ वहाँ फरार रहकर माननीय न्यायालय डिण्डौरी द्वारा पेशी हेतु जारी समंस के पालन में उपस्थित नही होने पर न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था, जिन्हे गिरफ्तारी का कारण बताकर गिरफ्तार किया जाकर तथा प्रकरण क्रमाँक 62/2023 अप. क्र. 546/2023 धारा 294,323,506 ताहि. एवं 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(va) एससी/एसटी एक्ट के गिरफ्तारी वारंटी मोहन लाल पिता करिया यादव उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम झाँकी थाना समनापुर जिला डिण्डौरी का मृत्यु प्रमाण पत्र माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

**- इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका -** - निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती थाना प्रभारी थाना समनापुर , सउनि. जगदीश धूमकेती, प्रआर. 214 बालकरन सिंह परस्ते , प्रआर. 365 भारत बसन्त , प्रआर. 297 कृष्णपाल सिंह ,प्रआर. 171 अमित पाण्डेय, आर 120 नीलेश दयाल सिंह मरावी की विशेष भूमिका रही है ।

## आबकारी विभाग की कार्यवाही में अवैध शराब के 3 प्रकरण कायम



डिंडोरी ।

जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय के रोकथाम हेतु आबकारी विभाग वृत्त शहपुरा में अवैध शराब रखने व बिक्री संबंधी प्राप्त शिकायतों के आधार पर दबिश कर कार्यवाही की गई। जिसमें आरोपी महेन्द्र कुमार ग्राम इंदौरी से 9 पाव देशी मदिरा प्लेन किराना दुकान से बरामद, तिवारी ग्राम घुण्डीसरई से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, रत्तो बाई ग्राम घुण्डीसरई से 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद किया गया। जिसकी कुल मात्रा 11 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब और 1.62 वल्क लीटर देशी मदिरा प्लेन इनकी अनुमानित कीमत 3415 -रुपए है। उक्त सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) "क" तहत पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी एम.आर. उइके के मार्गदर्शन में आबकारी उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक राम भरोस ठाकुर, छिद्दी लाल झारिया, मनीष उईके नगर सैनिक तोक सिंह मरावी द्वारा किया गया।

### भारतीय मजदूर संघ का क्रमिक अनशन तीसरे दिन भी जारी

## सभी मांगे माने जाने तक जारी रहेगा आंदोलन



जमुना/बदरा।

**कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष कोयला खदान श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ बीएमएस जो कि वर्तमान में सबसे अधिक संख्या वाली श्रम संगठन है उसके द्वारा श्रमिक हितों को लेकर जिसमें 24 सूत्री मांगे हैं। उसे लेकर महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष क्रमिक भूख हड़ताल लगातार तीसरे दिन जारी है।**

### श्रमिक बैठे भूख हड़ताल पर

बीएमएस के इस हड़ताल में अनशन पर बैठने वाले पहले दिन 27 जनवरी 25 को शुभम तिवारी तपेश्वर मिश्रा दूसरे दिन 28 जनवरी को फ्रांसिस एंथोनी मिलन चक्रवर्ती और तीसरे दिन 29 जनवरी को रामखेलावन राठौर और विनोद लालपुरी लगातार अनशन पर बैठे हैं और वह लगातार जारी है।

### श्रमिक हित की लड़ाई अंतिम दम तक- टिकेश्वर सिंह राठौर

29 जनवरी को महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष चल रहे भूख हड़ताल में श्रमिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए पहुंचे टिकेश्वर सिंह राठौर अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के कोल इंडिया अध्यक्ष ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यहां पर जो आंदोलन चल रहा है उसमें वेलफेयर मूलभूत सुविधाएं पदोन्नति मेडिकल बिल सिविल विभाग के कार्य में भारी भ्रष्टाचार समय में बिल पास का न होना जबकि पदोन्नति के लिए ऊपर से आदेश हैं फिर भी यहां की प्रबंधन हिटलर शाही रवैया अपनाते हुए श्रमिकों को परेशान कर रही है।

## जय भारती ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में लगा पीएम विश्वकर्मा योजना का शिविर

डिंडौरी न्यूज।




जय भारती ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट डिंडोरी में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का जागरूकता शिविर लगाया गया , जिसमें भारत सरकार के एम एस एम ई विभाग के इग्निस तिर्की असिस्टेंट डायरेक्टर के साथ,एम एस एम ई श्रीमती राधिका कुमरे जिला डिंडोरी के महाप्रबंधक जे एस एस के दिवाकर द्विवेदी एवं जय भारती ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट डिंडोरी के संचालक भारत नामदेव एवं समन्वयक सुधीर रंजन नामदेव एवं चितरंजन नामदेव, नीति आयोग समन्वयक डॉ विकास जैन उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम में जय भारती ट्रेंनिंग इंस्टीट्यूट संचालक महोदय द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के नए पंजीयन कैसे किए जाएं, पंजीयन में क्या समस्या आ रही है, एवं जिनका पंजीयन हो चुका था उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम जो संपादित हो चुका है उसके आगे की प्रक्रिया क्या है , क्या-क्या समस्याएं आ सकती एवं समाधान बताया गया।लोगों को ट्रेनिंग का इस्तयफंड (पैसा) समय पर आ रहा है।उसके साथ में उनके सर्टिफिकेट कैसे निकाले जाने हैं यह समस्त जानकारी दी गई इनमें जो-जो समस्या आ रही थी उन सभी बिंदुओं पर विस्तार से समझाया गया। इसके साथ ही एम एस एम ई विभाग इंदौर से इग्निश तिर्की जी ने पीएम विश्वकर्मा योजना ग्राम से शहर की ओर पी एम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थीयों की आजीविका को सतत बनाने का भव्य उद्देश्य है इसके लाभ 5 दिवसीय बेसिक ट्रेनिंग जिसमें उपस्थित लाभार्थी को 532 दिन कैसा क्या अनुसार स्टॉप और 15000 की आधुनिक औजार कैट का बावरिया विश्कर्मा योजना बेशक ट्रेनिंग पूरी करना का प्रमाण पत्र उधम रजिस्ट्रेशन और खाता संबंधी बैंक से 100000 का 5 बचत वार्षिक दर से 18 माह के लिए लोन की सुविधा उपलब्ध कराता है चुकाने के पश्चात 15 दिवस का एडवांस ट्रेनिंग प्रोग्राम जिसका पुणे पास प्रतिदिन स्टेप ट्रेनिंग कंप्लीट पूर्ण होने के बाद दो लाख रुपए का अतिरिक्त लोन संबंधित बैंक से उपलब्ध कराता है ।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

# निक्षय अभियान के कार्यों को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यों की विस्तार से समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्याम सिंह ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. जीसी चौरसिया, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए आर मरावी, जिला टीकाकरण अधिकारी, समस्त बी एम ओ, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी, अन्य अधिकारी- कर्मचारी और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मरावी ने संचालित विभागीय योजनाओं की प्रगति के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया।



बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित 100 दिवसीय निक्षय अभियान के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में शत प्रतिशत निक्षय आईडी बनाई जाये। उन्होंने कहा कि अभियान के 45 दिन शेष है। इन शेष दिवसों में रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से लैब टेक्नीशियन की आंशिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्लान तैयार कर प्रस्तुत किया जाये। इस कार्य में विभाग में कार्यरत एमपीडब्ल्यू को प्रशिक्षित किया जाये। कलेक्टर ने कम एक्स- रे होने पर अप्रसन्नता व्यक्त कर ओपीडी में मरीजों के अधिक से अधिक एक्स- रे कराये जायें। अभियान के अंतर्गत नोटिफिकेशन में कमी लाने पर चिकित्सकों द्वारा ओपीडी रेफरल बढ़ाया जाये। गुणवत्ता पूर्ण सेंपल लिया जाये। मैदानी स्तर पर आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता घर- घर जाकर स्क्रीनिंग की जाये। क्षय बीमारी के अंतर्गत मिलने वाले मरीजों के लक्षणों के आधार पर खकार जांच किया जाये एवं उपचार के लिए रेफर किया जाये।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोकने के लिए कारणों को जानकर दूर करने के लिए कार्य योजना तैयार की जाये। जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में जांच व उपचार समय सीमा में हो। गर्भावस्था के समय से प्रसव के 42 दिवस के पश्चात तक मैदानी स्तर पर सीएचओ, एएनएम, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता द्वारा घर- घर जाकर निगरानी की जाये व परामर्श दिया जाये। इसके लिए ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता आपसी समन्वय से कार्य किया जाये। ब्लॉक स्तर पर प्रतिमाह अनुविभागीय राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक आयोजित कर मातृ एवं शिशु मृत्यु की समीक्षा कर कारणों को पता लगाकर हितग्राही को जागरूक किया जाये। कलेक्टर ने एमआर 1 व 2 एवं पूर्ण टीकाकरण की समीक्षा में आगामी 15 दिवस में शत प्रतिशत पूर्ण टीकाकरण करने के निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप

### शहीद दिवस पर नमन



**गोटेगांव।** स्थानीय नगर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में 30 जनवरी को शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को नमन किया भैया बहनों को महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन में किए गए महत्वपूर्ण योगदान को याद किया आज के दिन महात्मा गांधी प्रार्थना सभा में जाते हुए शहीद हो गए थे राष्ट्र आज उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है विद्यालय परिवार ने भी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता व्याख्याता राम सिया मिश्रा संजय जैन किशोर शुक्ला सरदार पटेल सविता राजपूत अंजना दीक्षित पूजा यादव शिवानी मेहरा वंदना पटेल दीपिका पटेल कल्पना श्रीवास्तव जानकी पटेल रजनी पटेल मोनिका मिश्रा ज्योति दुबे आदि की उपस्थिति थी

### खेरापति मंदिर से निकलेगी विशाल चुनरी यात्रा

**तेंदूखेड़ा।** कलयुग में मां नर्मदा के पूजन अर्चन एवं धर्म के प्रति आस्था तेजी के साथ बढ़ती देखी जा रही है।दूर दूर से श्रद्धालु पैदल या सरें भरते हुए या फिर अपने अपने निजी साधनों से मां नर्मदा के पावन तटों पर पहुंचा करतें हैं। कलयुग में मां नर्मदा के दर्शन मात्र से जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्ति मिलती है। इस कारण वर्तमान समय में मां की कृपा और आस्था के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती जा रही है।इसी तारतम्य में नर्मदा जयंती के पावन पर्व पर समीपी ग्राम इमझिरा के प्रतिष्ठित खेरापति दरबार से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 1100 सौ मीटर की चुनरी श्री रेवा सेवा समिति द्वारा विशाल चुनरी यात्रा निकाली जावेगी। जो ग्राम में भ्रमण करते हुए नर्मदा के पावन तट झिरी घाट के लिए प्रस्थान करेगी। मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर जन्मोत्सव में सभी श्रद्धालु शामिल होंगे। अभिषेक पूजन अर्चन के साथ चुनरी अर्पण करेंगे। साथ में दीपदान महाआरती एवं विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। समिति अध्यक्ष शिवनारायण श्रीवास्तव ने सभी धार्मिक श्रद्धालुओं से इस यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है।

### युवक के साथ पुराने विवाद के लेकर मारपीट


**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस पुराने विवाद को लेकर कुछ लोगों द्वारा मारपीट कर दी गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुराछ निवासी रामजी नाम के युवक के साथ करकबेल निवासी संजू महाराज नामक शराब ठेकेदार द्वारा सुपला पुल के पास मोटरसाइकिल खींचकर मारपीट कर दी गई। घायल को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तरूण ठाकुर निवासी बरखेड़ा को नरसिंहपुर से बरखेड़ा जाते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

### नितिन अध्यक्ष एवं साकेत महामंत्री नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस आरएसएस कार्यालय में आयोजित सहकार भारती संघ द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश महामंत्री राकेश चौहान एवं सौरभ राय की उपस्थिति में नितिन ठाकुर को अध्यक्ष एवं साकेत शर्मा को महामंत्री पद पर नियुक्त किया। उनकी इस नियुक्ति पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



## कांग्रेसजनों ने बापू को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** देश की आजादी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के योगदान को हम सब विस्मृत नहीं कर पाएंगे। गांधी जी के आदर्श सिद्धांत और त्याग बलिदान से न केवल भारतवासी वरन पूरा विश्व प्रभावित है। उक्त बात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कही। श्री राजपूत ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा उनके आदर्श सिद्धांतों पर चलकर हर वर्ग के लिए कार्य किया है। वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्श और सिद्धांतों पर चर्चा की। वरिष्ठ नेता मनोहर साहू ने गांधी जी से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख किया। आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमित राय गोलू एवं संचालन देवेंद्र शुक्ला ने किया। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात गांधी चौक पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। उक्त मौके पर वीरेंद्र पाठक, विवेक पटेल, बॉबी खान मुकेश कटारे एवं कांग्रेस के कई पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सौष्ठव खिलाड़ियों एवं महिला पावर लिफ्टर का किया सम्मान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सहयोग क्रीड़ा मंडल एवं मणिनागेंद्र सिंग फाऊंडेशन द्वारा आयोजित 41 वाँ सोपान प्रो कबड्डी टूर्नामेंट 2025 में नरसिंहपुर जिले के शरीर सौष्ठव खिलाडियों एवं महिला पावर लिफ्टर का सम्मान किया गया । इस अवसर पर समिति के संरक्षक सरदार सिंह पटेल, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल पूर्व जिला खेल अधिकारी संतोष सिंह राजपूत की उपस्थिति में पावर लाइन जिम के



संचालक राकेश रजक मध्य प्रदेश केसरी 2025 कांस्य पदक, मो. सिराज उस्मानी 10 बार बॉडी बिल्डिंग में गोल्ड मेडलिस्ट, देवेंद्र ठाकुर मध्य प्रदेश श्री 2025 में रजत पदक एवं महिला पावर लिफ्टर मालती लोधी वूमेन फिजिक्स 2023 में गोल्ड मेडल विजेता का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, खेल सचिव मनीष कटारे, राघवेंद्र जाट, पत्रकार विनोद कोरी, अनिल कुशवाहा, मनोज जाट, सुनील कोठारी, मनीष अग्रवाल, राजा जाट, एड. कैलाश साहू, भानु प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## भाजपाजनों ने फूंका कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुतला



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भाजपाजनों द्वारा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सनातन विरोधी बयान का विरोध करते हुए जिला मुख्यालय पर विरोध स्वरुप पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के दिए गए बयान का विरोध जताते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सनातन धर्म का अपमान बताया। उक्त अवसर पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष द्वारा भी तीखी प्रतिक्रया दी गई। उक्त अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक, मोर्चा प्रभारी विनीत नेमा व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तेंदूखेड़ा क्षेत्र के 9 परीक्षा केंद्रों पर दसवीं में 1319 एवं बारहवीं में 1121 छात्र देंगे परीक्षा



**तेंदूखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित किये गये वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार फरवरी माह के आखिरी सप्ताह से परीक्षायें प्रारंभ होने जा रही है।साथ ही कक्षा नवमी और ग्यारहवीं की परीक्षाएं पहले सप्ताह 3 फरवरी से शुरू हो जायेंगी उसी हिसाब से विद्यालयों में तैयारियां शुरू हो गई है। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौ परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में 1319 परीक्षार्थी और हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में 1121 परीक्षार्थी शामिल होंगे। लगभग सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के साथ परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा ना हो को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक स्तर पर प्रबंध किए जा रहे हैं।अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर बाहर दूसरे गांवों के छात्र भी शामिल होंगे उन्हें आने जाने को लेकर भी समय का ध्यान रखते हुए उक्त परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जायेगी। जबकि 03फरवरी से आयोजित हो रही नवमी की परीक्षा सुबह 10 बजे से 01 बजे तक और कक्षा ग्यारहवीं की परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की जायेगी।

### कन्या विद्यालय केंद्र में बैठेंगे सर्वाधिक छात्र

तहसील मुख्यालय पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा क्षेत्र का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र है। यहां पर कक्षा दसवीं में 265 तथा बारहवीं में 312 छात्र छात्राएं शामिल होंगे।इस केंद्र में बालक उच्चतर तेंदूखेड़ा के साथ सर्वोदय विद्यालय अंग्रेजी हिन्दी माध्यम के साथ ज्ञानोदय स्कूल के छात्र शामिल होंगे। जबकि बिल्थारी हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र में सबसे कम परीक्षार्थी शामिल होंगे।हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा के बालक उच्चतर विद्यालय केंद्र में दसवीं में 161और बारहवीं में 199 छात्र बैठेंगे।देवरी राजमार्ग केंद्र में दसवीं में 260बारहवी में 247 छात्र चांवरपाठा में दसवीं में 108 बारहवीं में 139 छात्र डोभी परीक्षा केंद्र में दसवीं में 201 बारहवीं में 151 छात्र ग्राम बिल्थारी परीक्षा केंद्र में दसवीं में 34 छात्र कक्षा बारहवीं में 35 छात्र छात्राएं शामिल होंगी।इसी भामा हाईस्कूल परीक्षा केंद्र में 113 मदनपुर में 88 और विलगुवां परीक्षा केंद्र में कक्षा दसवीं में 89 तथा बारहवीं में 38 छात्र शामिल होंगे।

### सुरक्षा के हो पुख्ता इंतजाम

तेंदूखेड़ा परीक्षा केंद्र में कुछ बाहर ग्रामों के साथ प्राइवेट स्कूलों के परीक्षार्थी शामिल हुआ करते हैं लेकिन विगत वर्षों में जो विषय चर्चाओं में रहें उनकी अब पुनरावृति ना हो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जायें।विगत वर्ष कुछ प्राइवेट स्कूलों के शिक्षक खुले आम इन परीक्षा केंद्रों में घूमकर माहौल गंदा किया करते थे इससे छात्रों में भेदभाव की स्थिति निर्मित होने के साथ इन स्कूलों के छात्र परीक्षा में लगे पंखों खिड़कियां भी तोड़कर जाते थे। जिससे अध्ययन रत छात्र छात्राओं को स्कूली समय में परेशानी हुआ करती थी। और प्रबंधन को भी अलग से व्यय भार पड़ता है।

## नर्मदा जयंती पर घाटों पर समुचित सुविधाओं की जरूरत

### निकाली जाएंगी जगह-जगह से चुनरी यात्रायें होगी भीड़

**तेंदूखेड़ा।** आने वाली 4 फरवरी को नर्मदा प्रकटोत्सव के अवसर पर क्षेत्र के सभी पुण्य सलिला मां नर्मदा के तटों पर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रहेगी। जगह जगह से चुनरी यात्रायें निकाली जायेगी दीपदान करने भंडारे पूजन अर्चन करने के लिए नर्मदा घाटों पर विशेष भीड़ रहेगी।पुण्य सलिला मां नर्मदा का पावन नर्मदा तट ककरा घाट पर गाडरवारा तेंदूखेड़ा क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए जन आस्था का केंद्र बन गया है। यहां पर नरसिंहपुर जिले के साथ साथ रायसेन और सागर जिले के श्रद्धालु बड़ी संख्या में प्रत्येक अमावस्या पूर्णिमा और त्यौहार पर्व विशेष पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचा करते हैं। लेकिन उक्त घाट पर उत्तर तट पर समुचित सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। जिससे श्रद्धालु परेशान देखे जाते हैं। यहां पर सबसे बड़ी समस्या मुख्य सड़क मार्ग से घाट तक पहुंचने के लिए सड़क का कटाव हो जाने के कारण आवागमन में असुविधा हुआ करती है।तथा दोनों तरफ से भी कटाव हो गया है। जिससे पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी हुआ करती है। मुख्य सड़क से घाट तक सड़क की समुचित व्यवस्था की जरूरत है। चूंकि यह व्यवस्था दोनों तरफ से बनीं हुई है पुल के बाजू से भी बड़ी संख्या में कटाव हो जाने से आवागमन में परेशानी होने लगी है।



### घाटों पर नहीं हैं प्रकाश की व्यवस्था

इस घाट पर अक्सर कर श्रद्धालु पहुंचते रहते हैं। लेकिन यहां पर रात्रि के समय प्रकाश की व्यवस्था ना होने के कारण अंधेरे में ही आना जाना करना पड़ता है विशेष रूप से पुल से ही दोनों तरफ बड़े बड़े हाईमास्क लगने से घाट पर पर्याप्त प्रकाश हो सकता है। महिला वर्ग जो सोने चांदी के जेबर पहनकर आती है उनके लिए तथा उठाई गीरों से सावधानी की दिशा में यह व्यवस्था नितांत जरूरी है।साथ ही साथ अस्थाई सुलभ शौचालय की भी जरूरत है घाट पर स्वच्छता और गंदगी के मान से यहां पर्व विशेष पर अस्थाई तौर पर चलित शौचालयों की व्यवस्था की जाये। ककरा घाट के अलावा बिल्थारी करोंदी शोकलपुर हीरापुर थरेरी बारह सिमरिया छत्तरपुर घाटों पर भी क्षेत्रीय एवं स्थानीय श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### मुख्य सड़क पर लगता है जाम

पर्व विशेष को लेकर श्रद्धालु जन एक दिन पूर्व से ही पैदल यात्रा करके पुण्य सलिला के तटों पर चुनरी यात्रायें लेकर पहुंचा करतें हैं। गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर अक्सर कर भारी बाहनों का आवागमन जारी रहता है। इस दिन इनकी आवा-जाही प्रतिबंध लगे। दोनों तरफ से बड़ी संख्या में वाहनों के आवागमन के चलते घंटों जाम की स्थिति बनतीं है यहां पर उचित पार्किंग व्यवस्था भी नहीं लोग अपने दो पहिया और चार पहिया वाहन घाट तक लेकर पहुंचते हैं।





### योग शिक्षिका का कार्यक्रम में हुआ सम्मान

**गोटेगांव।** विगत दिवस पतंजलि योग शक्ति पीठ से पधारी महिला पतंजलि योग समिति मध्यप्रदेश पूर्व से राज्य कार्यकारणी सदस्या मिथिलेश शर्मा एवं राज्य संवाद और जिला प्रभारी नरसिंहपुर श्रीमति सुमन गुप्ता द्वारा नियमित योग शिक्षा सम्पन्न कराने वाली महिलाओं का सम्मान पतंजलि जैकेट पहनाकर किया गया।जिसमें प्रमुख रूप से जिला मंत्री सुषमा मिश्रा,नरसिंहपुर ,तहसील प्रभारी भारती कौरव,कोषाध्यक्ष नमिता कौरव,गोटेगांव तहसील प्रभारी श्रीमति दुर्गा आर्य के अलावा सक्रिय योग शिक्षिका श्रीमति मनीषा पुरोहित,सिद्धि श्रीवास्तव,कल्पना चौकसे,सरिता पटेल,द्रौपदी लिल्हारे,आदि की उपस्थिति रही।श्रीमति मिथलेश शर्मा ने अपने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा रामदेव का उद्देश्य है कि प्रत्येक गांव में योग कक्षा नियमित चले जिससे स्वस्थ समाज का निर्माण हो।उन्होंने आगे कहा कि वैदिक शिक्षा बोर्ड का निर्माण हो चुका है जिनके भी विद्यालय हो वो जरूर इस पाठ्यक्रम को अपना कर शिक्षा में सर्वांगीण क्रांति लाएं।इस अवसर पर प्रमुख रूप से पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी राघवेंद्र आर्य की उपस्थिति रही।महिला जिला प्रभारी ने कहा कि सभी महिला तहसील प्रभारी अपनी तहसीलों में नियमित कक्षा चलाने वाली शिक्षिकाओं का योग कक्षा में जाकर पतंजलि जैकेट से सम्मान करें।इस अवसर सभी योग समिति सदस्य भी मौजूद रहे।

## महिला सशक्तिकरण एवं ग्राम पंचायत विकासः महाराष्ट्र यात्रा का प्रेरणादायक अनुभव मिला

**गोटेगांव।** ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने महाराष्ट्र में यशवंतराव चव्हाण अकैडमी एवं यशोदा प्रशिक्षण संस्थान में चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस यात्रा में प्रतिनिधियों को पंचायती राज व्यवस्था, महिला नेतृत्व और ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझने का अवसर मिला।गोटेगांव खेड़ा की सरपंच प्रियंका राहुल खेमरिया ने इस प्रेरणादायक प्रशिक्षण के लिए सभी प्रशिक्षकों और मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा,डॉ. मल्लिनाथ शेट्टी जी को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहूंगी, जिन्होंने मुझे मध्यप्रदेश से 'ब्रांड एंबेसडर' कहकर संबोधित किया। यह मेरे लिए सम्मान की बात है और इससे मुझे अपने क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली। साथ ही, अनमोल वाल्मीकि सर का भी आभार व्यक्त करना चाहूंगी, जिनके मार्गदर्शन से यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।ररयोगेश कांबले सर ने एक कोच की तरह अनुशासन बनाए रखा और पूरे ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कराकर हमें महाराष्ट्र की ग्राम पंचायतों की कार्यशैली को समझने का अवसर दिया। उनकी इस मेहनत और समर्पण के लिए हम सभी उनके आभारी हैं।रइस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण और अध्ययन यात्रा को सफल बनाने में मध्य प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल की विशेष भूमिका रही। उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में पंचायतों के विकास के लिए इस तरह की पहल को बल मिला है। इस यात्रा में प्रतिनिधियों को महाराष्ट्र के कानेवाड़ी, हवेली बाजार, ठेके कारवाड़ी एवं डोंगे ग्राम पंचायतों का दौरा कराया गया, जहां उन्होंने पंचायतों की संरचना, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के विभिन्न नवाचारों को करीब से देखा। श्रीमती माधुरी सावंत भोसले, जो स्वयं एक महिला सरपंच हैं, ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पंचायत में महिलाओं की भागीदारी कितनी महत्वपूर्ण होती है और वे किस तरह से अपने गांव के विकास में योगदान दे सकती हैं।



### पद्मश्री सम्मानित सरपंचों से प्रेरणादायक मुलाकात

प्रतिनिधियों को इस यात्रा के दौरान पद्मश्री सम्मानित सरपंचों एवं नेशनल अवार्ड विजेता सरपंचों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि कैसे नवाचार और समर्पण से ग्राम पंचायतों को विकसित किया जा सकता है।इस दौरे में मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर से आरिक दास (नोडल अधिकारी, जिला पंचायत नरसिंहपुर),श्रीमती प्रियंका खेमरिया (सरपंच गोटेगांव खेड़ा), उमा पटेल (सरपंच बेलखेडी), धर्मेंद्र ठाकुर (सरपंच मनकापुर), प्रहलाद पटेल (सरपंच बासन पानी),बसंत कहार (जनपद नोडल अधिकारी), एवं पूरण पटेल (सरपंच पति) सहित कई गणमान्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस प्रेरणादायक अनुभव के लिए पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल, यशोदा प्रशिक्षण संस्थान एवं यशवंतराव चव्हाण अकैडमी का गोटेगांव खेड़ा सरपंच प्रियंका राहुल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। एवं कहा कि यह यात्रा ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई और भविष्य में इस तरह के और प्रशिक्षण आयोजित करने की आवश्यकता है, जिससे पंचायतें अधिक विकसित और आत्मनिर्भर बन सकें।